Dainik Bhaskar, Dt. 26-11-2023, Page-02

मेट्रो लाइन-1 में अलथान सेक्शन पर 500 मीटर वायडक्ट तैयार

# लाइन-2 में बोटेनिकल गार्डन सेक्शन पर सेगमेंट लॉन्चिंग शुरू, 5300 सेगमेंट लगेंगे

ट्रांसपोर्टर रिपोर्टर | सूरत



सूरत मेट्रो लाइन-1 एलिवेटेड वायडक्ट बनाने का काम शुरू है। अलथान गाम से लेकर अलथान टेनामेंट के बीच अब तक 500 मीटर लंबा एलिवेटेड वायडक्ट बनकर तैयार हो गया है। अगले डेढ़ महीने में 1 किमी का काम पूरा हो जाएगा। वहीं लाइन-2 के 19.26 किमी भेसान से सारोली के बीच भी सेगमेंट लॉन्चिंग शुरू हो गई है। मेट्रो प्रशासन के अनुसार लाइन-2 का काम 2 अलग-अलग पैकेज में काम किया जा रहा है। यहां पैकेज-सीएस 5 भेसान से मजूरा गेट के बीच 10.559 किमी काम काम शुरू है, जिसमें कुल 2900 सेगमेंट लॉन्च होंगे, जबकि पैकेज सीएस-6 में मजूरा गेट से सारोली के बीच 8.702 किमी का काम हो रहा है। भेसान से लेकर मजूरा सेक्शन के बीच बोटेनिकल गार्डन के पास भी अब सेगमेंट लॉन्चिंग शुरू हो गई है। यहां कुल 2400 सेगमेंट लॉन्च किए जाने हैं। ऐसे में कुल 5300 सेगमेंट की लॉन्चिंग की जाएगी। सूरत मेट्रो लाइन-1 में अलथान टेनामेंट-अलथान गाम के बीच 500 मीटर वायडक्ट बन गया है और आधे किमी तक गर्डर लॉन्च हो चुका है।

लाइन-2 में सारोली और अडाजण से सेगमेंट लॉन्चिंग का काम शुरू है। लाइन-1 के 18 किमी का काम अगले साल दिसंबर तक, जबकि लाइन-2 का काम मार्च 2025 तक खत्म करने का लक्ष्य है।